edible Chhattisgarh
चखने योग्य छत्तीसगढ़

विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

// आदेश //

रायपुर, दिनाँक 01/02/2017

क्रमांक 680 /3370(1)/स्था/22/वि–3/ग्रायांसे/2012 :: समान वेतनमान एवं समान योग्यता वाले पदों के लिए व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के माध्यम से आयोजित संयुक्त परीक्षा के द्वारा डाटा एन्ट्री आपरेटर पद हेतु प्राप्त चयन सूची के आधार पर निम्नलिखित उम्मीद्वार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत् ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में **डाटा–एन्ट्री आपरेटर** के पद पर वेतनमान रुपये 5200–20200 ग्रेड वेतन 2400 के न्यूनतम् वेतन पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त किया जाकर, उनके नाम के सामने दर्शाये गये कार्यालय में पदस्थ किया जाता है :–

क्र.	अभ्यर्थी का नाम	पिता/पति का नाम	जाति	चयनित श्रेणी	वर्तमान पता	पदस्थापना कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7
1	श्री उत्तम प्रकाश	श्री कोदू राम	SC (M)	UR	ग्राम देवरघटा, पो. हसौद, तह. जैजैपुर, जि. जांजगीर–चांपा (छ.ग.),	कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा संभाग, जांजगीर, जिला जांजगीर–चांपा
2	कु. सुनीता देवांगन	श्री हेमराय देवांगन	OBC (F)	UR F	विनोबा भावे वार्ड, खरी पारा मुंगेली, जि. मुंगेली (छ.ग.)	कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा संभाग, मुंगेली, जिला मुंगेली
3	श्री मुकेश सिंह पैकरा	श्री मोहन सिंह पैकरा	ST (M)	ST UR	ग्राम आमगांव, पो. राघवपुरी, तह. व जि. सूरजपुर (छ.ग.)	कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा संभाग, कोरबा, जिला कोरबा

नियुक्ति की शर्तें निम्नानुसार है :–

1. छत्तीसगढ़ शासकीय सेवा अस्थाई तथा अर्द्धस्थायी सेवा नियम 1960 के नियम–12 के अनुसार उम्मीद्वार की सेवाएं किसी भी समय किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की लिखित सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन व भत्ता देकर समाप्त की जा सकेगी।
2. उम्मीद्वार के द्वारा एक माह का नोटिस दिये बिना या उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते का भुगतान किये बिना शासकीय सेवा छोड़ने पर उक्त शर्तों पर देय रकम उम्मीद्वार से भू–राजस्व के बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।
3. परिवीक्षा अवधि कुशलतापूर्वक पूर्ण करने पर नियमानुसार कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियमित नियुक्ति मानी जावेगी, परन्तु कुशलतापूर्वक पूर्ण नहीं करने पर कार्यभार ग्रहण तिथि से नियमित नियुक्ति नहीं मानी जावेगी।

4. परिवीक्षा अवधि में किसी प्रकार का स्थानांतरण आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। परिवीक्षा अवधि में यदि स्थानांतरण आवेदन प्रस्तुत किया जावेगा तो उम्मीद्वार को उक्त पद के लिए अयोग्य मानते हुए उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी।

5. प्रमाणित किया जाता है कि नियुक्ति में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया गया है।

6. उम्मीद्वार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र पदभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।

7. नियुक्ति स्थान पर पदभार ग्रहण करने हेतु किसी भी प्रकार की कोई भत्ता/यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

8. उम्मीद्वार को इस आदेश की प्राप्ति के दिनांक से 30 दिनों के अंदर अपने नाम के समक्ष दर्शाये गये स्थान में कार्यालयीन समय /दिवस पर संबंधित अधिकारी को उपस्थिति देनी होगी। समयावधि में उपस्थिति नहीं देने पर यह मानकर कि वे इस पद पर नहीं आना चाहते हैं, उनकी नियुक्ति आदेश स्वयंमेव निरस्त समझा जावेगा।

9. पदस्थापना कार्यालय में उपस्थिति देते समय शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर में प्रति घंटा 8000 "की डिप्रेशन" का प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करेंगे तथा छायाप्रति भी प्रस्तुत करें।

10. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ–13–4/2006/आ.प्र./1–3, नया रायपुर, दिनाँक 29 जून, 2013 की कंडिका–6(2) अनुसार आरक्षित पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को उपस्थिति के समय संलग्न प्रारूप (एक) में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

11. चयनित अभ्यर्थी उपस्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते समय संलग्न प्रपत्र में अनुप्रमाणन प्रमाण पत्र भरकर शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करें।

12. पुलिस अधीक्षक से प्राप्त चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र में आपराधिक गतिविधियां पाये जाने पर बिना कारण बताये सेवाएं तत्काल समाप्त की जावेगी।

13. आरक्षित प्रवर्ग – (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग) के सदस्य होने संबंधी दी गई जानकारी /प्रमाण पत्र यदि गलत पाये गये तो संबंधित अधिकारी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना दिये सेवा से पृथक कर दिया जावेगा, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही भी की जा सकेगी।

14. वित्त विभाग के ज्ञापन क्र. 980/सी–761/वि/नि./चार/4, दिनांक 27.02.2004 के अनुसार नियुक्त अभ्यर्थियों के लिए नयी परिभाषित अंशदान आधारित पेंशन योजना लागू होगा।

15. परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी जिले में कहीं भी उक्त पद एवं वेतनमान पर स्थानांतरण किया जा सकता है, इसके विरूद्ध कोई अभ्यावेदन या याचिका स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

16. पदस्थ किये गये **डाटा–एन्ट्री आपरेटर** के कार्यभार ग्रहण करने पर उनके मूल प्रमाण पत्रों की जाँच संबंधित अधिकारी द्वारा किया जाकर इस कार्यालय को तत्काल अवगत् कराया जावेगा। यदि प्रमाण पत्र सही नहीं पाया जावेगा तो नियुक्ति आदेश निरस्त किया जावेगा।

17. उक्त नियुक्ति रिट पीटीशन (सी) क्रमांक 591/2012, क्रमांक 592/2012, क्रमांक 593/2012 तथा क्रमांक 594/2012 में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगी।

(विकास आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

(डी.एस.परगनिहा)
मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृ.क्र. 681/3370(1)/स्था/22/वि–3/ग्रायांसे/12 रायपुर, दिनाँक 01/02/2017

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. अपर विकास आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स **(CHiPS),** आरडीए बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जी.ई. रोड रायपुर, छत्तीसगढ़ को उक्त आदेश की प्रति शासकीय पोर्टल में उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
4. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र **(NIC)** रायपुर छत्तीसगढ़ को उक्त आदेश की प्रति एवं संलग्न शपथ पत्र प्रारूप (एक) ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के पोर्टल में उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
5. अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर।
6. कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, जांजगीर/मुंगेली/कोरबा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. श्री/श्रीमती/कु. .....
   की ओर पंजीकृत डाक से सूचनार्थ एवं पालनार्थ। अनुप्रमाणन फार्म एवं शपथ पत्र प्रारूप संलग्न है। कृपया 10/– के नान ज्यूडिशियल स्टाम में नोटरी से सत्यापित कराकर शपथ एवं अनुप्रमाणन फार्म भरकर, दो प्रति में संबंधित कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग में जमा करें।

मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
छत्तीसगढ़, रायपुर